दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, मंगलवार 20 अगस्त 2019

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# नये भारत की तस्वीर

अपने दूसरे कार्यकाल में पहली बार और लगातार छठी बार स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल के भारत का अक्स उकेरा। देश के 73वें स्वतंत्रता दिवस पर डेढ़ घंटे के संबोधन में प्रधानमंत्री ने जहां अपनी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया, वहीं भविष्य के भारत का खाका भी प्रस्तुत किया। उम्मीदों के अनुरूप अनुच्छेद-370 को हटाने, तीन तलाक को खत्म करने जैसी उपलब्धियों का जिक्र किया, वहीं पानी के संकट को दूर करने और किसानों को पेंशन जैसे मुद्दों की कामयाबी का उल्लेख किया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि देश की ज्वलंत समस्या जनसंख्या विस्फोट की तरफ उन्होंने देश का ध्यान खींचा। आपातकाल में जरूर जोर-जबरदस्ती के साथ जनसंख्या नियंत्रण पर बल दिया गया, मगर उसके बाद यह मुद्दा पार्श्व में चला गया। प्रधानमंत्री ने लोगों से कहा कि इस सच को स्वीकार करना होगा कि हमारे विकास को बढ़ती जनसंख्या रोकती है जो आने वाली पीढ़ी के लिये बड़ा संकट है। उन्होंने स्वीकार किया कि देश में एक जागरूक वर्ग ऐसा जरूर है जो अपने घर में शिशु के जन्म से पहले सोचता है कि क्या वह उसे बेहतर जीवन दे सकने की स्थिति में है। वह परिवार को सीमित करके अपना भला भी करता है और देशभक्ति का काम भी करता है। लगातार प्रगति करने वाले ऐसे परिवार से हमें सीखना चाहिए। हमें किसी भी बच्चे को इस दुनिया में लाने से पहले सोचना चाहिए कि हम उसे कैसा भविष्य देने जा रहे हैं। साथ यह भी कि यह कार्य किसी कानून से नहीं बल्कि जागरूकता से होना चाहिए। इस गंभीर मुद्दे पर केंद्र व राज्यों को चिंता करनी चाहिए। उन्होंने साथ यह भी कहा कि देश हित के इस मुद्दे को राजनीतिक संकीर्णताओं से मुक्त रखने की जरूरत है।

अगले पांच साल के विकास के लिये योजनाओं का खाका खींचते हुए प्रधानमंत्री ने देश के आर्थिक विकास को गति देने पर बल दिया। साथ ही देश के संरचनात्मक विकास पर सौ लाख करोड़ खर्च करने का लक्ष्य बताया। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर की बनाने के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य का भी जिक्र किया। साथ ही कहा कि 130 करोड़ लोग चाहें तो यह लक्ष्य सहजता से हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विकास की प्रचलित धारणाओं को बदलने व साहसिक फैसले लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। एक देश-एक चुनाव की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि आये दिन लगने वाली आचार संहिता से देश का विकास और सुशासन अवरुद्ध नहीं होने दिया जा सकता। उन्होंने राजनीतिक दलों से इस मुद्दे पर सहमति बनाने पर बल दिया। देश की रक्षा से जुड़ी एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए उन्होंने तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल बनाने के लिये चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ की नियुक्ति का भी जिक्र किया जो रक्षामंत्री के अधीन कार्य करेगा। दरअसल, कारगिल युद्ध के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में खामियों को दूर करने के लिये बनी उच्चस्तरीय समिति ने भी सीडीएस की नियुक्ति की सिफारिश की थी। जिसमें सुझाव दिया गया कि तीनों सेना प्रमुखों को क्रमशः सीडीएस बनाया जाये। प्रधानमंत्री ने देश में उत्पन्न जल संकट को दूर करने में सरकार व समाज की भागीदारी का जिक्र किया, जिस पर सरकार साढ़े तीन लाख करोड़ खर्च करेगी। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान की तरह इसमें जन-जन की भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से महात्मा गांधी की जयंती से प्लास्टिक के प्रयोग पर पूरी तरह रोक लगाने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से कपड़े के थैले प्रयोग करने तथा लोगों को प्रेरित करने के लिये इसे उपहार के रूप में देने का आग्रह किया। कहीं न कहीं बदलाव के दौर में उन्होंने समाज से सक्रिय भूमिका का आग्रह ही किया।

# भारत में बैंकिंग सेक्टर के सामने चुनौतियां, ग्रोथ हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता

» आरबीआई गवर्नर ने कहा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने देश की आर्थिक रफ्तार को लेकर उभर रही चिंताओं को दूर करने पर के लिए कई कदम उठाए जाने का ऐलान किया. दास ने कहा, इकोनॉमिक ग्रोथ इस समय हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है. हर नीति-निर्माता इसे लेकर चिंतित है. उन्होंने कहा कि वित्तीय स्थिरता के मुद्दों पर फोकस अहम है, क्योंकि लॉन्ग टर्म ग्रोथ सिर्फ वित्तीय स्थिरता पर निर्भर है. इसलिए फाइनेंशियल सेक्टर में वित्तीय स्थिरता जरूरी है.

रिजर्व बैंक के गवर्नर ने यह भी कहा कि दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता में संशोधन सार्वजनिक बैंकों की मदद करेगा. बैंक सरकार पर निर्भर होने के बजाए बाजार से पूंजी लेने में सक्षम होंगे. दास ने कहा कि रिजर्व बैंक कुछ नियमों की समीक्षा कर रहा है. राष्ट्रीय आवास बैंक की ओर से पेश सभी नियम आवास वित्त कंपनियों के लिए जारी रहेंगे.

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि भारत में इस समय बैंकिंग सेक्टर के सामने चुनौतियां हैं. उम्मीद से कम ग्रोथ बड़ी इकोनॉमी में स्लोडाउन का संकेत है. जो ग्लोबल फाइनेंशियल वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम भरा है.

इसके साथ ही आरबीआई के गवर्नर ने सार्वजनिक बैंकों में कंपनी संचालन की तत्काल समीक्षा का आह्वान किया और ज्यादा से ज्यादा बैंकों के रेपो आधारित ऋण की ओर बढ़ने की उम्मीद जताई.

# छोटे कर्जदारों को बड़ी राहत देगी मोदी सरकार, लोन करेगी माफ

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** छोटे कर्जदारों को सरकार कर्जमाफी करके बड़ी राहत दे सकती है। इंसोल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड के तहत सरकार छोटे कर्जदारों का कर्ज माफ कर सकती है। यह सब आईबीसी के फ्रेश स्टार्ट प्रावधानों के तहत किया जा सकता है। इसको लेकर योजना तैयार हो रही है।



कॉरपोरेट मामलों के सचिव इंजेती श्रीनिवास ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग यानी ईडब्ल्यूएस से आने वाले छोटे कर्जदारों की कर्जमाफी के लिए कैटेगरी तय करने को लेकर सरकार माइक्रोफाइनेंस इंडस्ट्री से बात कर रही है। उन्होंने बताया कि ईडब्ल्यूएस में सबसे ज्यादा कर्ज तले दबे कर्जदारों को ही इसका फायदा मिलेगा। वहीं, अगर किसी ने इस फ्रेश स्टार्ट का फायदा उठा लिया तो अगले पांच सालों तक इसका लाभ नहीं उठा पाएगा। श्रीनिवास ने बताया कि देशभर में चार-पांच सालों में यह कर्जमाफी 10,000 करोड़ रुपये से ज्यादा नहीं होगी।

आईबीसी के फ्रेश स्टार्ट के तहत कई प्रकार के प्रावधान हैं। जैसे कर्जदारों की सालाना इनकम 60,000 रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। उसकी संपत्तियों का कुल मूल्य 20,000 से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। लाभार्थी पर लोन का कुल मूल्य 35,000 से ज्यादा नहीं होना चाहिए। वहीं, लाभार्थी के पास अपना खुद का आवास भी नहीं होना चाहिए, चाहे आईबीसी के तहत उसके खिलाफ याचिका लगाई गई हो या नहीं।

# एशेज ने टेस्ट क्रिकेट को जिंदा रखा है : गांगुली



**नईदिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली एशेज सीरीज में खेली जा रही क्रिकेट से काफी ज्यादा प्रभावित हैं। गांगुली ने कहा है कि आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही एशेज ने टेस्ट क्रिकेट को जिंदा रखा है।

बर्मिंघम में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया ने जीत हासिल की थी तो लॉर्डस मैदान पर खेला गया दूसरा टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। गांगुली खेल के दो सबसे पुराने प्रतिद्वंद्वियों के बीच खेली जा रही क्रिकेट के स्तर को देखकर काफी खुश हैं। उनका कहना है कि अब बाकी टीमों को भी अपना स्तर ऊपर उठाना चाहिए।

गांगुली ने ट्वीट किया, एशेज सीरीज ने टेस्ट क्रिकेट को जिंदा रखा है.. अब बाकी देशों को अपना स्तर उठाना चाहिए। तीसरे टेस्ट में दोनों टीमें गुरुवार को हेडिंग्ले मैदान पर आमने-सामने होंगी।

# अभ्यास मैच : भारत को मिली 200 रनों की अहम बढ़त



**एंटिगा।** भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां के कूलिज क्रिकेट ग्राउंड पर जारी तीन दिवसीय अभ्यास मैच के दूसरे दिन रविवार का खेल खत्म होने तक मेजबान वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड प्रेसिडेंट्स-11 पर 200 रनों की बढ़त बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। भारत ने अपनी पहली पारी पहले दिन के स्कोर पांच विकेट पर 297 रनों पर घोषित करने के बाद मेजबान टीम को 181 रनों पर ढेर कर दिया और फिर दूसरे दिन स्टम्प्स तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट के नुकसान पर 84 रन बना लिए। भारत ने 35 ओवरों का सामना किया है।

मयंक अग्रवाल (13) एक बार फिर सस्ते में आउट हुए जबकि कप्तान अजिंक्य रहाणे 20 और हनुमा विहारी 48 रनों पर नाबाद हैं। पहली पारी में सस्ते में आउट होने वाले रहाणे ने 95 गेंदों का सामना कर तीन चौके लगाए हैं जबकि पहली पारी में 37 रनों पर नाबाद रहने वाले विहारी ने 84 गेंदों पर छह चौके और एक छक्का लगाया है।

इससे पहले, भारत ने टेस्ट फारमेट में अपने सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज चेतेश्वर पुराजा (100 रिटायर्ड हर्ट) के शानदार शतक की बदौलत पहली पारी पांच विकेट पर 297 रनों पर घोषित कर दी। पहले दिन स्टम्प्स तक भारत का यही स्कोर था।

# यूनाइटेड बैंक का 2019-20 में 1,000 करोड़ के मुनाफे का लक्ष्य




**कोलकाता (आरएनएस)।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया ने चालू वित्त वर्ष में करीब 1,000 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज करने का लक्ष्य रखा है। बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक अशोक कुमार प्रधान ने यह बात कही। बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 95 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। इससे पहले की लगातार सात तिमाहियों में उसे घाटा हुआ था। अप्रैल - जून अवधि में बैंक को 105 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है। हम 2019-20 में करीब 1,000 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैंक के चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 800-1,000 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाने की संभावना है। प्रधान ने कहा कि बैंक ने करीब 73,000 करोड़ का कर्ज वित्तरित (लोनबुक) किया हुआ है। मार्च अंत तक हम इसे बढ़ाकर करीब 81,000 करोड़ रुपये करना चाहते हैं।

# एक्सिस बैंक में सस्ता हुआ होम और ऑटो लोन

AXIS BANK

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश के तीसरे सबसे बड़े प्राइवेट बैंक एक्सिस बैंक ने अपने मार्जिनल कॉस्ट ऑफ लेंडिंग रेट्स (एमसीएलआर) में कटौती की है. बैंक ने अपने एक साल के एमसीएलआर को 8.65 फीसदी से 8.55 फीसदी कर दिया है जो 17 अगस्त 2019 से प्रभावी है. एमसीएलआर घटने से आम आदमी को सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि उसका मौजूदा लोन सस्ता हो जाता है और उसे पहले की तुलना में कम ईएमआई देनी पड़ती है. भारतीय रिजर्व बैंक ने फरवरी से अब तक रेपो दरों में 1.10 फीसदी की कटौती की है. उसने भी बैंकों से इसका लाभ जल्द से जल्द ग्राहकों को हस्तांतरित करने के लिए कहा है.

कटौती के बाद अब 1 साल अवधि वाले कर्ज के लिए एमसीएलआर 8.55 फीसदी हो गई. बैंक के एक दिन और एक माह की अवधि वाले लोन पर ब्याज दर घटकर क्रमशः 8.20 फीसदी और 8.20 फीसदी हो गई. बैंक के तीन माह और छह माह की अवधि वाले लोन पर ब्याज दर क्रमशः 8.40 फीसदी और 8.50 फीसदी रह गई.

देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने पहली बार एमसीएलआर में 0.15 फीसदीकी कटौती की घोषणा की थी. आरबीआई की 7 अगस्त को नीतिगत घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर आईडीबीआई बैंक और ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स ने 5-10 बेसिस प्वाइंट्स तक अपनी दरें घटा दीं. 5 अगस्त को बैंक ऑफ बड़ौदा ने एमसीएलआर में 15 बीपीएस की कटौती की घोषणा की थी. यूको बैंक, इलाहाबाद बैंक और केनरा बैंक ने भी अपने एमसीएलआर में कटौती की है. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने भी पिछले सप्ताह अपनी कर्ज दरों में कटौती की घोषणा की थी.

# विराट कोहली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किए 11 साल




**नईदिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 11 साल पूरे कर लिए हैं। इस समय विंडीज दौरे पर टीम की कप्तानी कर रहे कोहली ने ट्वीट कर अपने अभी तक के सफर पर भावुक पोस्ट लिखी।

कोहली ने रविवार को लिखा, इसी दिन 2008 में मैंने एक युवा खिलाड़ी की तरह शुरुआत की थी, तब से लेकर अब तक के 11 साल के सफर पर भगवान ने जो कुछ मुझे दिया है, मैं उसके बारे में सपने में भी नहीं सोच सकता था।

उन्होंने लिखा, भगवान आपको भी अपने सपनों को हासिल करने और सही रास्ता चुनने की ताकत दे। कोहली ने 18 अगस्त 2008 को श्रीलंका के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। वह अपने पहले मैच में केवल 12 रन बना पाए थे। लेकिन कोहली ने वक्त के साथ अपने आप को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया और आज वह मौजूदा समय में दुनिया के महानतम बल्लेबाजों में से एक हैं।

## आज का राशिफल

*मेषः-* आज का दिन मिश्रित फलकारक है। बड़े अधिकारी से अनबन नुकसान दायक रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण बनाए रखें। नए संबंध से भाग्य चमकेगा।

*वृषभः-* आप यदि व्यापारी हैं तो आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ सकता है। सरकारी नौकर हैं तो वरिष्ठ अधिकारी के गुस्से का शिकार हो सकते हैं।

*मिथुनः-* आज दिन के पूर्वार्ध में छुटपुट लाभ की संभावना है। नौकरी-व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। कोई भी व्यवसाय छोटा बड़ा नहीं होता।

*कर्कः-* आज आप अपने आप में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की ओर ध्यान न देकर अपना काम करते रहें। आगे चलकर सफलता आपके कदम चूमेगी।

*सिंहः-* आज शत्रुजनित षड्यंत्र, लोकपवाद से बचने का प्रयास करें। अनावश्यक दुः-श्चिन्ताओं से मन परेशान हो सकता है। नई उपलब्धियां कड़ी मेहनत से मिलेगी।

*कन्याः-* आज कर्मोद्योग में तत्परता से लाभ होगा। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। राजकीय मदद भी मिलेगी।

*तुलाः-* आज आपकी पद, अधिकार की महत्वाकांक्षा अंतर्विरोध को जन्म देगी। समस्याओं के समायोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशांति रहेगी।

*वृश्चिकः-* आज का दिन कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में व्यतीत होगा। अधिकारीवर्ग से अच्छी साठ-गांठ बनेगी। किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ की पृष्ठभूमि भी आज ही बनेगी।

*धनुः-* किसी विशेष घटनाक्रम के अंतर्गत रुका हुआ धन आश्चर्यजनक रूप से प्राप्त हो जाएगा।इससे आज आपका विश्वास धर्म एवं आध्यात्म में बढ़ेगा।

*मकरः-* आज कार्यक्षेत्र में अपने से वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। जीवन में सरसता बनी रहेगी। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा।

*कुंभः-* आज गोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। उत्तरार्ध की वृद्धि अस्थिरता को जन्म देगी। वाहन, भूमि खरीदने, स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग भी बन सकता है।

*मीनः-* आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति नवम भाग्य भाव में वृश्चिक राशि का होकर तथा चन्द्रमा गुरु की राशि मीन पर विराजमान है।

## फ्रूट क्रीम केक बनाने की विधि...



**सामग्रीः**

हैवी क्रीम - 400 ग्राम
पाउडर चीनी - 70 ग्राम
इलायची पाउडर - 1 चम्मच
केला - 1
सेब - 1
पका आम - 1
अंगूर - 100 ग्राम
काजू - 6 से 7
बादाम - 6 से 7
किशमिश - 2 टेबलस्पून

**विधिः**

1. सबसे पहले क्रीम में चीनी डालकर उसे इतना फैंटे कि चीनी पूरी तरह से घुल जाए। 2. आप चाहें तो क्रीम हैंड ब्लेंडर के साथ भी फेंट सकते हैं।

3. ध्यान रखें क्रीम से मक्खन नहीं निकलना चाहिए.

4. केले, सेब, आम और अंगूरों को छोटे टुकड़ों में काटकर बाउल में रख लीजिए।

5. बादाम और काजू को भी छोटा-छोटा काट लीजिए।

6. अगर आप रंग और खुशबू पसंद करते हैं तो क्रीम के मिश्रण में 2 टेबलस्पून रूआफ्जा डाल कर मिला लीजिए।


7. कटे हुए सभी फ्रूट्स और ड्राइ फ्रूट्स क्रीम में डालकर 2 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें।

8. आपकी फ्रूट क्रीम बनकर तैयार है इसे ठंडा-ठंडा सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 60

**बाएं से दाएं**
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**
1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 59 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | | स | र | ग | म | |
| त्री | | सी | | | क्षा | | धु | रं |
| | सा | ह | स | | | | र | |
| स्वा | ग | त | | स | म | झौ | ता | |
| व | र | | | र | | | | म |
| लं | | वि | ला | स | | | दा | म |
| बी | न | | ज | | सा | मा | न | ता |
| | ज | | वा | हि | या | त | | |
| त | र | की | ब | | ना | | खा | ली |

## सू-दोकू- 60

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.59 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |